तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, बुधवार, 5 नवंबर 2025

12 बीमारी व बेमौसम बारिश के चलते किसानों...



12 जैविक खेती को बढ़ावा देने पर जोर कृषि...





आक्रोश : यह केवल धर्म नहीं, हमारी पहचान और संस्कृति पर हमला है

# ईष्टदेव पर अभद्र टिप्पणी से भड़का सिंध समाज निकाली आक्रोश रैली, किया गया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पूज्य सिंध समाज की युवा विंग ने 4 नवंबर को आक्रोश रैली सिंधी धर्मशाला से पुराना बस स्टैंड तक निकाली। हनुमान चौक पर पुतला दहन करने के उपरांत रैली थाना पहुँची और वहां पर दर्ज एफआईआर की कापी लेते हुए कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग किया। सिंध समाज का कहना है कि हम कानून पर विश्वास रखते हैं। उम्मीद है कि दोषी को उचित सजा मिलेगी।

सिंध समाज अपनी धार्मिक परंपराओं, सरलता, एकता और सांस्कृतिक सौहार्द के लिए जाना जाता है। भगवान झूलेलाल को सिंधियों का ईष्टदेव माना जाता है, और इनकी वंदना समाज के हर घर, हर उत्सव, हर अनुष्ठान में होती है। ऐसे में अमित बघेल द्वारा ईष्टदेव के विरुद्ध की गई कथित अर्नगल बयानबाजी ने पूरे समाज में जबरदस्त गुस्सा भर दिया। यह बयानबाजी बीते सप्ताह एक वीडियो के माध्यम से सामने आई थी, जिसमें उक्त व्यक्ति ने न केवल अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया, बल्कि समाज की सदियों पुरानी आस्था का मजाक उड़ाने का प्रयास भी किया। वीडियो वायरल होते ही सिंध समाज के भीतर तीखी प्रतिक्रिया शुरू हो गई। देखते ही देखते विरोध की लहर बढ़ती चली गई। सैकड़ों लोगों ने सोशल मीडिया पर विरोध दर्ज कराया। कड़ी कार्रवाई की माँग को लेकर लगातार विरोध जताया जा रहा। कार्रवाई नहीं होने पर अंततः मामला एक सामूहिक रैली और पुतला दहन तक जा पहुँचा। समाज ने इस बयान को न केवल आस्थाओं पर हमला कहा, बल्कि अपनी सांस्कृतिक पहचान को ठेस पहुंचाने वाला बताकर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है।

**खास बातें**
- समाज की आस्था पर चोट से गुस्सा फूटा, रैली में उमड़ा जनसैलाब
- शांतिपूर्ण लेकिन सशक्त विरोध, धर्म का अपमान किसी कीमत पर स्वीकार नहीं





### पोस्टर, बैनर और आक्रोश का दिखा स्वरूप



सिंधी धर्मशाला में 4 नवंबर की सुबह 10 बजे से समाज के लोग एकत्र होने लगे थे। साढ़े 10 बजे रैली के शक्ल में निकले। सैन चौक होते हुए मुख्य मार्ग से होते हुए पुराना बस स्टैंड आए और हनुमान चौक में बैठकर मार्ग को बाधित कर जमकर नारेबाजी किया। रैली शुरू होते ही नारे गूंज उठे जय झूलेलाल, सिंध समाज की आस्था का अपमान बंद करो, धर्म का अपमान करने वालों को माफ नहीं किया जाएगा। समाज के हर वर्ग में गुस्सा का आक्रोश दिखा। आरोपी की फोटो पर जमकर चप्पल से हमला बोला। पुतले की भी चप्पल से पिटाई किया, उसके बाद पुतला दहन किया। पुतला दहन के उपरांत रैली थाने पहुँची और एफआईआर की कापी लेकर कड़ी कार्रवाई की माँग की। पोस्टर और बैनर पर लिखा था ईष्टदेव का अपमान बर्दाश्त नहीं, धर्म और आस्था के साथ खिलवाड़ नहीं चलेगा, सिंध समाज एकजुट है। अमित बघेल को कड़ी सजा दो।

### हम आस्था पर हमला नहीं सहेंगे

कांकेर के पूज्य सिंध पंचायत अध्यक्ष राकेश आहूजा ने कहा कि हमारे ईष्टदेव केवल धार्मिक प्रतीक नहीं, बल्कि हमारी पहचान, संस्कृति और अस्तित्व का आधार हैं। इस प्रकार की बयानबाजी समाज को बांटने की साजिश है। सरकार से हमारी माँग है कि बयानबाजी करने वाले के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। युवा संगठन अध्यक्ष सन्नी खटवानी ने कहा कि हमारा समाज हमेशा से शांतिप्रिय रहा है, किसी से विवाद नहीं चाहता, लेकिन ईष्टदेव का अपमान किसी भी हालत में स्वीकार नहीं। यह केवल धार्मिक नहीं, अस्तित्व और पहचान का प्रश्न है।

### समाज के भीतर एकता का भाव और मजबूत हुआ

ईष्टदेव के अपमान ने समाज के भीतर एक गहरी एकजुटता पैदा कर दी है। समाज के वरिष्ठ नागरिकों का कहना है कि हमारे बच्चे और युवा जिस तरह मिलकर खड़े हुए हैं, यह समाज की मजबूती का प्रमाण है। इस घटना ने हमें संगठित होने का नया अवसर दिया है।

### रैली सांस्कृतिक रक्षा का प्रतीक

यह पूरा प्रकरण इस बात का स्पष्ट संकेत है कि किसी भी समुदाय की आस्था के साथ खिलवाड़ सामाजिक शांति को भंग कर सकता है। सिंध समाज ने यह सिद्ध किया है कि वह शांतिप्रिय जरूर है, लेकिन अपने ईष्टदेव और परंपराओं के सम्मान के लिए मजबूती से, एकजुट होकर खड़ा भी हो सकता है। आज की रैली केवल विरोध नहीं थी, यह सांस्कृतिक अस्तित्व की रक्षा का प्रतीक थी।

## खबर संक्षेप

### शराब कोचिया के घर दिया दबिश, अंग्रेजी शराब जब्त



**कांकेर।** नरहरपुर पुलिस ने 3 नवंबर को सुबह 9 बजे जामगांव में छापामार कार्यवाही किया और लोकेश रजक के घर दबिश दिया। कार्रवाई के दौरान लोकेश अपने घर था। घर की तलाशी लेने पर लोकेश रजक के घर कमरा में 17 नग गोल्डन गोवा अंग्रेजी शराब जिसकी कीमत 2 हजार 40 रूपएं व नगद 200 रूपएं को जप्त किया गया। पुलिस ने आरोपी जामगांव निवासी 32 वर्षीय आरोपी लोकेश रजक पिता घासीराम रजक के खिलाफ धारा 34 (1) (क) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

### बस्तर के प्रभारी संयुक्त संचालक हटाए गए

**कांकेर।** बस्तर संभाग के तत्कालीन प्रभारी संयुक्त संचालक राकेश पाण्डेय ने कांकेर जिला में 94 शिक्षकों का गलत ढंग से पदस्थापना का आरोप लगाते हुए जांच करते हुए एक बाबू को निलंबित करवा दिया था। इसके उपरांत कई स्कूलों के निरीक्षण के दौरान रील बनाकर वायरल करने पर शिक्षकों ने इसे निजता का उल्लंघन माना और संयुक्त संचालक को हटाने को लेकर जगदलपुर में रैली निकाल दिया था। आक्रोशित शिक्षक फिर से 7 नवंबर को आंदोलन करने वाले थे, उसके पहले राकेश पांडेय को हटाते हुए एचआर सोम को प्रभारी संयुक्त संचालक बस्तर संभाग बनाया गया है।

### परलकोट जलाशय मॉडल बना आर्कषण का केंद्र

**पखांजुर।** जल संसाधन विभाग कापसी द्वारा कांकेर में आयोजित राज्य उत्सव में लगाया गया परलकोट जलाशय खेरकट्टा डेम का लाइव मॉडल इस बार आकर्षण का केंद्र रहा। इस मॉडल ने न केवल स्थानीय लोगों को बल्कि कई गणमान्य व्यक्तियों का ध्यान अपनी ओर खींचा। इस मॉडल के माध्यम से विभाग ने बताया कि यह परियोजना क्षेत्र के किसानों के लिए वरदान साबित होगी। बाई तट नहर का पानी को पचांगी नाला क्षेत्र के किसानों को दिया जाएगा, जिससे अनुमानित रूप से लगभग 625 हेक्टेयर अतिरिक्त कृषि भूमि में सिंचाई हो सकेगी। यह कदम कृषि उत्पादन को बढ़ाने और किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

### जिला स्तरीय गोवर्धन पूजा एवं यादव शौर्य नृत्य महोत्सव दुधावा में आज

**दुधावा।** यादव समाज के आराध्य देव भगवान कृष्ण की असीम कृपा से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम दुधावा (कलमीपारा) में 5 नवंबर बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर अहिर नृत्य महोत्सव एवं शौर्य प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर कृष्ण सजाओं, मंगल कलश सजाओं एवं राउत नाचा प्रतियोगिता रखा गया है। राउत नाचा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले दल को 5001 रूपए, द्वितीय पुरस्कार 4001 रूपए और तृतीय पुरस्कार 3001 रूपए राशि दी जाएगी। कृष्ण सजाओं एवं मंगल कलश सजाओं प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को प्रथम पुरस्कार 701 रूपए, द्वितीय 501 रूपए, तृतीय 301 रूपए राशि दी जाएगी एवं प्रत्येक प्रतिभागी नर्तक दल को दूरी के हिसाब से संतावना पुरस्कार दिया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य को सफल बनाने में जिला यादव समाज, युवा संगठन, महिला संगठन, ब्लॉक संगठन, परिक्षेत्र, नगर संगठन, कर्मचारी संगठन जुटे हुए हैं।

## कुरना के जंगल से तीन जुआरियों को पुलिस ने दबोचा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- नकद साढ़े 9 हजार रुपए किया जब्त

थाना कांकेर की पुलिस ने कुरना के जंगल में छापामार कार्रवाई करते हुए तीन जुआरियों को कुरना के जंगल में जुआ खेलते हुए पकड़ा। जुआरी शाम को रुपए पैसे का दांव लगाकर ताश पत्ती से जुआ खेल रहे थे। पकड़े गए तीन जुआरियों में से दो जुआरी धमतरी जिला के और एक जुआरी कांकेर थानांतर्गत हाटकोंगेरा का है, जिनके कब्जे से कुल 9 हजार 600 रुपए नकद जब्त किया गया। कांकेर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली थी कि कुरना के जंगल में कुछ लोग जुआं खेल रहे है और फड़ लगी हुई है। पुलिस ने जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत 3 नवंबर की शाम 7 बजे ग्राम कुरना जंगल पहुंचकर इलाके की घेराबंदी किया। मौके पर प्लास्टिक बोरी में तास पत्ती फेंकते हुए कुछ लोग हो हल्ला करते रुपए पैसों का दाव लगाकर हारजीत का जुआ खेल रहे थे। जुआ खेलते हुए धमतरी जिला के कुरूद थानांतर्गत डाही निवासी 36 वर्षीय किस्मत चेलक पिता दुकालू राम चेलक, डाही निवासी 36 वर्षीय आसुतोष चंदे पिता टेकराम चंदे और कांकेर थानांतर्गत हाटकोंगेरा निवासी 40 वर्षीय आलोक देवांगन पिता लालजी राम देवांगन को पकड़ा गया। इसके अलावा अन्य जुआरी भाग जाने में सफल रहे।

जुआरियों की तलाशी लेने पर आरोपी किस्मत चेलक के पास से 1 हजार 500 रुपए व फड़ से 1 हजार 500 रुपए, आसुतोष चंदे के पास से 1 हजार रुपए व फड़ से 1 हजार 500 रुपए व आलोक देंवागन के पास से 1 हजार 100 रुपए व फड़ से 3 हजार रुपए तीनों जुआरियों के से कुल 9 हजार ▶▶| शेष पेज 10 पर

## बाइक सवार तीन व्यक्ति हुए दुर्घटना का शिकार, आई गंभीर चोटें, अपराध दर्ज

**कांकेर।** इलाज कराने के लिए किशनपुरी जा रहें बाइक में सवार तीन लोगो को चार पहिया वाहन के चालक ने अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए ठोकर मार दिया। दुर्घटना में बाइक सवार तीनों लोगो को चोट आई है। दुर्घटना की शिकायत पर पुलिस ने चार पहिया वाहन के चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया। नरहरपुर थाना में शिकायत करने पहुंचे तहसील चारामा अंतर्गत पलेवा निवासी 64 वर्षीय आनंद राम कुंजाम पिता रिखीराम कुंजाम ने पुलिस को बताया कि मेरा बड़ा भाई उम्मेद कुंजाम, भाभी कमलेश कुंजाम एवं चचेरा भाई नरउ राम कुंजाम तीनों मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीए 6511 से 23 अक्टूबर को सुबह ग्राम पलेवा अपने घर से ग्राम किशनपुरी ईलाज के लिए आ रहे थे। मोटर सायकल को मेरा बड़ा भाई उम्मेद सिंह कुंजाम चला रहा था।



तीनों ग्राम किशनपुरी कोरियापारा मेन रोड में बिहारी यादव के घर के सामने पहुंचे थे कि सुबह करीब 7 बजें विपरीत दिशा से आ रही सफेद रंग की डिजायर कार क्रमांक सीजी 17 केटी 4305 के चालक द्वारा अपने कार को तेजी से लापरवाहीपूर्वक चलाकर भाई उम्मेंद सिंह कुंजाम के मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, तीनों को गंभीर चोट आया है। शिकायत पर पुलिस ने वाहन क्रमांक सीजी 17 केटी 4305 के चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## कृषि यंत्रों के परिचालन एवं महत्व पर जिले के किसानों को मिला प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के विशेषज्ञों ने दी आधुनिक यंत्रों की जानकारी



कृषि क्षेत्र में कृषि यंत्रीकरण का उपयोग विभाग फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना की अनुसूचित जाति उपयोजना अंतर्गत कृषि यंत्रीकरण का उपयोग विषय पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर में प्रशिक्षण कार्यक्रम में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बीरबल साहू ने कृषि अभियांत्रिकी का कृषि में महत्व के बारे में जानकारी दी। तत्पश्चात प्रमुख परियोजना अन्वेषक एवं विभागाध्यक्ष फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर डॉ. राजेश कुमार नायक द्वारा खेत की तैयारी एवं बुवाई के लिए विभिन्न कृषि यंत्रों का उपयोग के संबंध में चर्चा की गई। उन्होंने कृषकों को जानकारी देते हुए बताया कि खेत में मिट्टी के बेलों को तोड़कर भुरभुरी करने हेतु रोटावेटर, नाली या मेड़ बनाने हेतु रीजर, मिट्टी को फोड़ने हेतु कल्वेटर, कम्बाईनड हार्वेस्टर आदि यंत्रों का उपयोग कर सकते हैं। सहायक कृषि अभियांत्रिकी प्रवीण वर्मा ने कहा कि कृषकों को श्रमिकों के अनुपलब्धता को ध्यान में रखते हुए सभी कृषकों को यंत्रीकरण अपनाने की नितांत आवश्यकता है। कृषि केन्द्र के वैज्ञानिक ▶▶| शेष पेज 10 पर

## 556 वां गुरुनानक देव जन्मोत्सव आज, होंगे विभिन्न कार्यक्रम



कांकेर। पूज्य सिंधी पंचायत, सिंधु महिला विंग सुनहरे कदम एवं सिंधु युवा विंग के द्वारा श्री गुरुनानक जयंती पर्व 556 वाँ गुरुनानक देव जन्मोत्सव आज 5 नवंबर को हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाएगा। पूज्य सिंधु भवन मांझापारा में सुबह 10 बजे गुरूग्रंथ साहेब के पाठ का भोग तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा। बाइक रैली युवाओं एवं महिलाओं द्वारा 11 बजे सिंधु भवन के सामने से नगर भ्रमण करते हुए पुराना कम्युनिटी हाल में समापन किया जाएगा। पुराना कम्युनिटी हाल में दोपहर 01 बजे से 03 बजे तक आम भंडारा का आयोजन किया जाएगा। विशाल शोभायात्रा संध्या साढ़े 4 बजे गुरुनानक चौक से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए गुरुनानक चौक में समापन कर रात्रि 10 बजे गुरुनानक चौक में आतिशबाजी किया जाएगा।

## कुरालठेमरी के ग्रामीणों पहुँचे नरहरपुर थाना, कार्रवाई करने की मांग की गई




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- गांव का माहौल बिगाड़ने की शिकायत की

कुरालठेमली के ग्रामीण पास्टर के गांव में आने को लेकर हुए विवाद पर कार्रवाई करने के लिए नरहरपुर थाना में शिकायत की। शिकायत के बाद कार्रवाई करने की माँग किया। कार्रवाई नहीं करने पर ग्रामीणों ने आंदोलन करने की बात कही। नरहरपुर थाना पहुँचे ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम कुरालठेमली में धर्मातरित व्यक्तियों के द्वारा ग्राम कुरालठेमली निवासी जगदीश मरकाम पिता चमरा मरकाम जो कि विभिन्न गांव से पादरी व पास्टर बुलाकर प्रार्थना कराया जाता है एवं एकत्रित होकर गांव में माहौल बिगाड़ा जा रहा है। विदित हो कि ग्राम कुरालठेमली 5 वीं अनुसूची क्षेत्र में आता है। हमारे ग्राम में देवी देवता एवं रूढ़ी प्रथा को मानने वाले है। धर्मातरित व्यक्तियों के द्वारा पाँचवी अनुसूची का उल्लंघन किया जाता है। इस संबंध में ग्राम पंचायत कुरालठेमली के द्वारा ग्राम सभा में पादरी एवं धर्मांतरित व्यक्तियों को प्रवेश के लिए गांव में वर्जित किया गया है। इसकी जानकारी थाना नरहरपुर एवं तहसील कार्यालय नरहरपुर को भी दिया जा चुका है। इसके बावजूद भी धर्मातरित व्यक्तियों के द्वारा नियम का लगातार उल्लंघन किया जा रहा है। इन व्यक्तियों पर कठोर से कठोर कार्यवाही कर न्याय दिलाने के लिए नहरपुर थाना में आवेदन दिया गया।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव के लोग ग्राम सभा में धर्मातंरित व्यक्ति को बहुत अच्छे ढंग से समझाया गया है, उसके बाद भी गांव का माहौल खराब किया जा रहा है और नियमों को ताक में रखकर काम किया जा रहा है। प्रशासन को इस बारे में पहले भी अवगत कराया जा चुका है, उसके बाद भी उसके द्वारा धर्मांतरण के पक्ष पर काम किया जा रहा है। थाना में आवेदन देने के बाद भी इस तरह का कार्य गांव में हुआ, इस बार सर्व समाज के द्वारा उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

कलेक्टर निलेश ने जिले में हुए बेहतर कार्यों के बारे में कराया अवगत

# राज्यपाल डेका ने आकांक्षी ब्लॉक की प्रगति की हकीकत को वीसी के माध्यम से जाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



राज्यपाल रमेन डेका ने वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से बस्तर संभाग के सभी सातों जिलों में नीति आयोग द्वारा घोषित आकांक्षी विकासखण्डों में निर्धारित एजेण्डों के संबंध में क्रियान्वयन और प्रगति की जानकारी ली। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने कांकेर जिले में क्रियान्वयन के बारे में बताया। वर्चुअल बैठक में राज्यपाल ने कहा कि आकांक्षी ब्लॉकों में विशेष तौर पर शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार की आवश्यकता है, जिस पर बस्तर के सभी जिले बेहतर ढंग से प्लानिंग करें और लक्ष्य को प्राप्त करें। राज्यपाल ने 4 नवंबर की सुबह 11 बजे से आयोजित वीसी में उन्होंने सभी कलेक्टरों को कहा कि बस्तर जनजातीय बाहुल्य होने के कारण उनमें स्वास्थ्य तथा शिक्षा की दिशा में अतिरिक्त फोकस करने की आवश्यकता है। शत-प्रतिशत ग्रामीणों की टीबी एवं सिकलसेल्स स्क्रीनिंग का कार्य सुनिश्चित हों। उन्हें आत्मनिर्भर बनाने पशुपालन से भी जोड़ने के ठोस प्रयास हों और मवेशियों का सतत टीकाकरण किया जाए। इसी तरह शाला त्यागी विद्यार्थियों को भी स्कूल लाने हेतु हरसंभव प्रयास किए जाएं। इसके अलावा महिलाओं को स्वसहायता समूहों से जोड़ने तथा युवाओं के लिए आजीविकामूलक प्रशिक्षण सतत संचालित करने के निर्देश दिए। वीसी में राज्यपाल के सचिव डॉ. सीआर प्रसन्ना ने एजेण्डावार तथा जिलावार प्रगति की जानकारी ली। कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने बताया कि कांकेर जिले के दुर्गूकोंदल और कोयलीबेड़ा ब्लॉक को आकांक्षी विकासखण्ड के तौर पर चयनित किया गया है, जहां विभिन्न मापदण्डों पर विभागों के मैदानी अमलों के द्वारा लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण में तेजी लाने के ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### बस्तर ओलम्पिक की विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ



**कोण्डागांव।** केशकाल विकासखंड के सूरडोंगर मैदान में विकासखंड स्तरीय बस्तर ओलम्पिक प्रतियोगिता 2025 का शुभारंभ किया गया। यह प्रतियोगिता 4 से 6 नवम्बर तक चलेगी। प्रतियोगिता में केशकाल जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायतों, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों से कुल 798 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इनमें सीनियर वर्ग पुरुष 120, सीनियर वर्ग महिला 91, जूनियर वर्ग बालक 312 और जूनियर वर्ग बालिका 275 प्रतिभागी शामिल हैं, जिन्होंने जोन स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया था। बस्तर ओलम्पिक में प्रतिभागी एथलेटिक्स, तीरंदाजी, बैडमिंटन, फुटबॉल, कराटे, खो–खो, कबड्डी, बालीबाल, वेटलिफ्टिंग जिला स्तर जैसे खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रें के खिलाड़ियों को मंच प्रदान करना और उन्हें राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का अवसर देना है। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नंदनी पोटाई रहीं। उनके साथ जनपद उपाध्यक्ष ओमप्रकाश मरकाम, नगर पंचायत अध्यक्ष बिहारी लाल सोरी, उपाध्यक्ष भूपेश सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती चरन्तीन नेताम, लम्बोदर सलाम, संतोष सिन्हा सहित अनेक जनपद सदस्य, पार्षद, सरपंच एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व केशकाल सुश्री आकांक्षा नायक, जनपद सीईओ, बीईओ, एबीईओ एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया और खिलाड़ियों को निष्पक्ष खेल भावना से प्रतिस्पर्धा करने का संदेश दिया गया।

# केशकाल की जर्जर सड़कों से परेशान नगरवासी गुरुवार को करेंगे बंद, शनिवार को चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

केशकाल शहर के हाल बेहाल सड़क से हलाकान परेशान होकर क्षुब्ध आक्रोशित नगरवासियों की रविवार रात को केशकाल बस स्टैंड में खुली बैठक हुई जंहा पर अंततः 6 नवम्बर गुरूवार को नगर बंद करने और 8 नवम्बर शनिवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्का जाम करने का फैसला लिया गया । सड़क की खराब हालत के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों की अनदेखी और अधिकारियों की उदासीनता को कारण मानने वाले नगरवासियों ने अब आंदोलन करने मूड बना लिया है। सोमवार को व्यापारी संघ और नगरवासियों ने मिल कर केशकाल एसडीएम आकांक्षा नायक को ज्ञापन सौंपकर अल्टीमेटम दे दिया है। ज्ञापन देने पंहुचे लोगों को एस डी एम सुश्री आकांक्षा नायक ने अपनी तरफ से बहुत समझाते बुझाते नगरबंद चक्का जाम को स्थगित करने का विनम्र निवेदन किया पर सड़क की हालत से त्रस्त हो चुके लोग अपने लिए गये निर्णय से टस से मस होने को राजी नहीं हुए। एसडीएम सुश्री नायक ने जेसीबी से सड़क का समतलीकरण कराने और धूल से बचाव करने के लिए नियमित रूप से पानी छिड़काव करने का आश्वसन भी दिया है। इसके बाद देखने को भी मिला एनएच के सब इंजीनियर और कर्मचारी एक जेसीबी से नाका चौक के पास सड़क समतलीकरण कराते दिखे जिसे सड़क की बदहाल हालत के हिसाब से संतोषप्रद या पर्याप्त नहीं माना जा सकता।

## स्थानीय जनप्रतिनिधियों की अनदेखी पर फूटा आक्रोश

### निविदा भरने की तिथि दूसरी बार बढ़ी

सड़क के सुदृढ़ीकरण के लिए निकाले गये निविदा को भरने की तिथि दूसरी बार फिर बढ़ा दिया गया है । अब 6 नवम्बर तक सक्षम ठेकेदार इन लाईन निविदा भर पायेंगे और जिसे 9 नवम्बर को खोला जाएगा । ज्ञात हो कि पूर्व में निकाली गई प्रथम निविदा को भरने की अंतिम तिथि 21अक्टूबर और खोलने की तिथि 23अक्टूबर था जिसकी समयावधि बढ़ाकर निविदा भरने की तिथि 29 अक्टूबर निविदा खोलने की तिथि 31अक्टूबर किया गया था जिसकी समयावधि एक बार फिर बढ़ा दिया गया है। सड़क की स्थिति परिस्थिति को देखते हुए विभाग अगर अपने नियम निर्देश में रियायत बरतते प्रथम निविदा की बढाये हुए तिथि के भीतर सक्षम ठेकेदारों को समझा बुझाकर उन्हें निविदा भरवाने के लिए सहमत करा पाएगी तभी केशकाल के बदहाल सड़क के मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण का काम जल्दी चालू हो पायेगा नहीं तो हालत और हालात में जल्दी सुधार आने की उम्मीद करना खुद को छलावे में रखना साबित होगा।



### बंद के समर्थन विरोध में जारी हुई अपील

साप्ताहिक बाजार दिवस मंगलवार को दिन भर ध्वनि विस्तारक यंत्र से 6नवम्बर को केशकाल बंद का प्रचार करते सभी व्यवसायियों से अपनी प्रतिष्ठान बंद रखने का अपील करते वाहन फेरा लगाते रही। वहीं भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री द्वारा सड़क मरम्मत हेतु निविदा जारी होने की जानकारी देते आयोजित बंद से स्वयं को पृथक रखते अपनी अपनी प्रतिष्ठान खुली रखने की अपील किया गया है एवं इस बंद को कांग्रेस पार्टी का भरपूर सहयोग मिल रहा है।

## लोकार्पण : छत्तीसगढ़ विकास के नए युग की ओर अग्रसर

# नगरी में मंत्री केदार कश्यप ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोण्डागांव विकासखंड के ग्राम नगरी में छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन, परिवहन, सहकारिता और संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप ने विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन और लोकार्पण किया। मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ अब तेजी से विकास की दिशा में अग्रसर है और ग्राम पंचायतें इस परिवर्तन की मजबूत कड़ी बन रही हैं।

- विकास की नई गाथा लिख रहा है छत्तीसगढ़

कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत गोलावंड में उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण कार्य तथा ग्राम पंचायत नगरी में नवीन पंचायत भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। ग्रामीणों ने इस अवसर पर उत्साहपूर्वक स्वागत करते हुए कहा कि नए पंचायत भवन से प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और सुविधा बढ़ेगी।



### वनांचल विकास को मिल रही प्राथमिकता

छत्तीसगढ़ लघु वनोपज संघ के अध्यक्ष रूपसाय सलाम ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में वनांचल क्षेत्रें के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे ग्रामीणों को आजीविका के अधिक अवसर प्राप्त हो रहे हैं।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रीता सोरी, जनपद अध्यक्ष अनीता कोर्राम, उपाध्यक्ष टोमेंद्र सिंह ठाकुर, जनपद सदस्य कमलेश्वरी सेठिया, एसडीएम अजय उरांव, सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं ग्रामीण नागरिक उपस्थित रहे।

### पंचायतें बन रहीं विकास की नींव : केदार कश्यप

मंत्री केदार कश्यप ने अपने संबोधन में कहा कि आज आधे से अधिक कार्य ग्राम पंचायत स्तर पर ही पूरे हो रहे हैं, जिससे स्थानीय शासन की भूमिका और सशक्त हुई है। उन्होंने कहा कि कभी गरीबी और भुखमरी से जूझता छत्तीसगढ़ अब विकास की नई कहानी लिख रहा है।

### जनकल्याण योजनाओं से बदल रहा है ग्रामीण जीवन

मंत्री श्री कश्यप ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार हर वर्ग के हित में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि तेंदूपत्ता का समर्थन मूल्य बढ़ाना, धान का उचित मूल्य देना, और महिलाओं के लिए आजीविका संवर्धन योजनाएं इन सभी से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नया बल मिला है। उन्होंने उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना और नल–जल मिशन को ग्रामीण जीवन में वास्तविक परिवर्तन लाने वाली योजनाएं बताया।

### बस्तर में शिक्षा और विकास का नया दौर

मंत्री कश्यप ने कहा कि अब बस्तर संभाग में मेडिकल कॉलेज खुलने से शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद अब समाप्ति की ओर है और बस्तर क्षेत्र शांति एवं विकास की राह पर अग्रसर है।

# किशनपुरी के तीन खिलाड़ियों का राष्ट्रीय सीनियर कुश्ती प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भिलाई में आयोजित 25 वीं सीनियर राज्य स्तरीय चयन कुश्ती प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किशनपुरी के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यालय के तीन खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय सीनियर कुश्ती प्रतियोगिता के लिए हुआ।

- भिलाई में हुई राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में चमके युवा पहलवान

विकासखंड स्तरीय बस्तर ओलंपिक में भी विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कबड्डी, रस्साकसी, कराते, तीरंदाजी, भाला फेंक, गोला फेंक जैसी प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त कर जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक में अपनी जगह पक्की की है। अहमदाबाद में राष्ट्रीय सीनियर कुश्ती प्रतियोगिता में किशनपुरी विद्यालय के तीन खिलाड़ी अब राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह सफलता व्यायाम शिक्षक व प्रशिक्षक मनोज साहू के कुशल मार्गदर्शन से संभव हुई है।

स्वर्ण पदक विजेता मधु गावड़े ने कहा हम बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं, हमारे पास टैलेंट की कोई कमी नहीं है, लेकिन संसाधनों के अभाव में हमें वैसी प्रशिक्षण सुविधा नहीं मिल पाती। कुश्ती भारत का पारंपरिक खेल है, पर हमारे जिले में न तो कोई अखाड़ा है न ही पर्याप्त संसाधन। फिर भी खिलाड़ी अपनी मेहनत से अच्छा प्रदर्शन करते हैं। हम भी ओलंपिक में खेलना चाहते हैं, लेकिन सुविधाओं की कमी और जिला प्रशासन की उपेक्षा से खिलाड़ियों को संघर्ष करना पड़ता है।

# विधायक लता उसेंडी ने 5 हितग्राहियों को सौंपी आवास की चाबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के रजत महोत्सव के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम में जिले के पाँच हितग्राहियों को उनके नए पक्के मकानों की चाबी सौंपी गई। बस्तर वि का स प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक सुश्री लता उसेंडी ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के स्टाल में उपस्थित पाँच हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास की चाबी सौंपकर गृह प्रवेश की शुभकामनाएँ दीं। चाबी प्राप्त करने वाले हितग्राहियों में धनोरा निवासी रतो बाई, कुदुर निवासी श्रीमती सुरेखा कश्यप, और केजेंग निवासी गांडोराम नेताम शामिल हैं, जिन्हें नक्सल प्रभावितों के लिए विशेष परियोजना के अंतर्गत आवास प्रदान किया गया है। इसके अलावा दहिकोंगा निवासी बुद्धिमनी दीवान और बनियागांव निवासी श्री मंगल राम को भी पक्के मकान की सौगात दी गई।

- विधायक ने किया हितग्राहियों का सम्मान
- रजत जयंती पर मिली खुशियों की सौगात



**गृह प्रवेश से मुस्कुराए हितग्राही-** नए आवास की चाबी पाकर हितग्राहियों ने सरकार और जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अब उन्हें बारिश और ठंड की चिंता से मुक्ति मिलेगी और वे अपने परिवार के साथ सुरक्षित पक्के घर में रह सकेंगे।

**ये रहे उपस्थित-**इस अवसर पर कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना, जिला पंचायत अध्यक्ष रीता शोरी, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, पूर्व विधायक सेवक राम नेताम, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, जिला पंचायत सदस्यगण एवं अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### हजारों परिवारों को मिली पक्के आवास की सौगात

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर से वर्चुअली जुड़कर 3.51 लाख आवासों के गृह प्रवेश कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम के तहत कोण्डागांव जिले के हजारों परिवारों को पक्के मकानों की सौगात मिली। जिले में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना और जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई की उपस्थिति में विकासखंड केशकाल के विभिन्न ग्राम पंचायतों में गृह प्रवेश कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति–रिवाजों और पूजा–पाठ के साथ अपने नए घरों में प्रवेश किया। ग्राम पंचायत उन्दरी में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जनपद पंचायत केशकाल के सीईओ अनुराग सिन्हा, सरपंच रमेश मंडावी, जनपद सदस्यगण एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस मौके पर कुल 25 आवासों में गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जल्द और गुणवत्तापूर्ण आवास निर्माण करने वाले हितग्राहियों को मंच पर सम्मानित किया गया। उन्हें प्रोत्साहन स्वरूप उपहार प्रदान किए गए। हितग्राहियों ने कहा कि पहले वे खपरैल या कच्चे घरों में रहते थे, लेकिन अब पक्के मकान मिलने से जीवन में स्थायित्व और सुरक्षा की अनुभूति हो रही है। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना से ग्रामीणों का 'अपना घर' का सपना साकार हुआ है। उन्होंने हितग्राहियों से आवास को स्वच्छ और सु–ढ़ बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम में अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने विकास और आत्मनिर्भरता के प्रति एकजुट होकर आगे बढ़ने का संकल्प लिया।



# कोंडागांव में हुआ सैनिक सम्मेलन, ब्रिगेडियर तेजिंदर सिंह बावा सेना मेडल बने मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के कार्यालय में मंगलवार को सैनिक सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे छत्तीसगढ़–उड़ीसा सब एरिया कमांडर ब्रिगेडियर तेजिंदर सिंह बावा सेना मेडल, जबकि विशिष्ट अतिथियों में कुकी बावा, एडम कमांडेंट कर्नल अभिषेक उनियाल, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर जेपी पात्रें सेवानिवृत्त और ईसीएचएस ऑफिसर इंचार्ज कर्नल एके कर सेवानिवृत्त उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व सैनिक परिषद के पदाधिकारियों द्वारा सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत से हुई। इसके पश्चात बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा ने अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के विगत 6 वर्षो् के कार्यों का विस्तृत प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया। उन्होंने परिषद की गतिविधियों जैसे निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण, स्वच्छता अभियान, रक्तदान, मतदाता व यातायात जागरूकता कार्यक्रम की जानकारी दी और बताया कि अब तक लगभग 16,000 युवाओं को सैन्य प्रशिक्षण दिया जा चुका है। कार्यक्रम में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव की ओर से ब्रिगेडियर तेजिंदर सिंह बावा और कर्नल अभिषेक उनियाल को राष्ट्रीय ट्रॉफी भेंट की गई जबकि श्रीमती कुकी बावा को बस्तर की पारंपरिक कलाकृति से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर परिषद की मातृशक्ति अध्यक्ष चांदनी कोर्राम, सहसचिव आकांक्षा तिवारी, ममता साहा, ऐनु साहू, कविता ठाकुर, अंजू पवार, नेहा साहू और संगीता शोरी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में 90 से अधिक निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त युवक–युवतियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष सूरज यादव, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती, रतिराम सोरी, सोमलाल पोयाम, ढालेश साहू एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।





### फौजी कभी सेवानिवृत्त नहीं होता, सेवा उसका धर्म है: ब्रिगेडियर बावा

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्रिगेडियर तेजिंदर सिंह बावा सेना मेडल ने कहा एक फौजी कभी रिटायर नहीं होता। ड्यूटी के दौरान वह देश की सेवा करता है, और रिटायरमेंट के बाद समाज की सेवा में अपना जीवन समर्पित करता है। उन्होंने बस्तर संभाग के युवाओं से कहा कि यहां के युवक–युवतियों में अनुशासन, साहस और निष्ठा का अद्भुत समन्वय है। उन्हें सशस्त्र बलों में शामिल होकर राष्ट्रसेवा के लिए आगे आना चाहिए।

### पूर्व सैनिकों और वीर नारियों को किया सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान कोसा कमांडर ब्रिगेडियर बावा द्वारा जिले के वरिष्ठ पूर्व सैनिकों और वीर नारियों को शॉल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। उन्होंने जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में रजिस्ट्रेशन नहीं कराए गए पूर्व सैनिकों और डिपेंडेंट्स को शीघ्र पंजीयन कराने का आग्रह किया ताकि केंद्र और राज्य सरकार की सुविधाओं का लाभ मिल सके।

## पेज 09 के शेष

### कुरना के जंगल...

600 रुपए नकद, तास के 52 पत्ती व एक प्लास्टिक बोरी को जप्त किया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### कृषि यंत्रों के...

डॉ. नरेन्द्र हरिदास तायड़े भी कृषि उपयोगी यंत्रों के परिचालन एवं रखरखाव के संबंध में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में कृषकों को उपयोगी कृषि यंत्र प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में शाहवाड़ा, पुसावण्ड एवं कोटेला के अनुसूचित जाति वर्ग के 52 कृषक सम्मिलित हुए।

### राज्यपाल डेका ने...

लिए इन ब्लॉकों के युवाओं को राजमिस्त्री का प्रशिक्षण आरसेटी के जरिए प्रदान किया जा रहा है। कलेक्टर ने बताया कि लगातार बारिश होने की वजह से कुछ योजनाओं के क्रियान्वयन में परेशानी हुई, किन्तु अब विशेष अभियान चलाकर लंबित कार्यों को जल्द पूर्ण कर लिया जाएगा। इसके अलावा शिक्षा के क्षेत्र में 10 वीं-12 वीं के परीक्षा परिणामों में कांकेर जिला पूरे राज्य में द्वितीय स्थान पर रहा है। इसके अलावा विभिन्न विषयों पर कलेक्टर ने एजेण्डावार प्रगति के संबंध में जानकारी दी। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ हरेश मण्डावी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# साइकिल मिलने से छात्राओं के चेहरों पर आई मुस्कान

हरिभूमि न्यूज. ▶▶|सरोना

बालिकाओं को आत्मनिर्भर और सतत विकास की दिशा में प्रेरित करने के उद्देश्य से भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण तथा मेसर्स दिलीप बिल्डकान लिमिटेड द्वारा 4 नवंबर को विकासखंड नहरपुर के ग्राम डाबीपानी में साइकिल वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की स्कूली छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना और उन्हें आवागमन में सुविधा प्रदान करना था, ताकि वे निर्भीक होकर अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें। इस पहल के अंतर्गत कुल 70 छात्राओं को साइकिल वितरित की गईं। बालिकाओं के चेहरों पर साइकिल पाकर झलकती मुस्कान ने आयोजन की सार्थकता को और बढ़ा दिया। कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा पर जनजागरूकता फैलाने के लिए नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया, जिसमें कलाकारों ने सड़क पर सावधानी बरतने, ट्रैफिक नियमों का पालन करने और दुर्घटनाओं से बचाव के महत्व को प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया।



इसके अलावा, नन्हे-मुन्ने विद्यालय के छात्रों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। आयोजन स्थल पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ी, जिसमें स्थानीय नागरिकों ने इस पहल का गर्मजोशी से स्वागत किया। सभी ने बालिकाओं के लिए ऐसे प्रेरणादायक कार्यक्रमों की निरंतरता की मांग की, जिससे शिक्षा के क्षेत्र में समान अवसरों का विस्तार हो सके। इस अवसर पर परियोजना निदेशक रामेश्वर सिंह, प्रबंधक तकनीकी प्रखर अग्रवाल, परियोजना प्रबंधन से मनीष तिवारी, वरिष्ठ प्रबंधक समन्वय संजीव कुमार सिंह, पर्यावरण एवं सुरक्षा प्रबंधक उमेश कुमार, आरयू विश्वकर्मा, राजेंद्र सिंह धाड़क, अरुण सिंह सोलभी, दुधवा चौकी से अमृत नाग, एस मानिकपुरी, कृष्ण सक्सेना, शैलेंद्र सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# वनाधिकार पट्टा निरस्तीकरण की रिपोर्ट लंबित, तहसीलदार को नोटिस

**दुर्गुकोंदल।** ग्राम सटेली में अवैध वनाधिकार पट्टा निरस्तीकरण की कार्रवाई को लेकर अनुविभागीय अधिकारी भानुप्रतापपुर ने नोटिस जारी करते हुए तहसीलदार दुर्गुकोदंल को जाँच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। ग्रामवासियों ने आरोप लगाया था कि ग्राम सटेली निवासी सावित्री भुआर्य को अवैध तरीके से वनाधिकार पट्टा जारी किया गया है। इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी के कार्यलय में आवेदन प्रस्तुत किया गया था, जिस पर जांच के लिए तहसीलदार दुर्गुकोंदल को निर्देशित किया गया था। लेकिन अभी तक जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है, जिससे प्रकरण में आगे की कार्यवाही लंबित है। अनुविभागीय अधिकारी ने तहसीलदार दुर्गुकोंदल को स्पष्ट अभिमत सहित जांच प्रतिवेदन और अधिकार अभिलेख को संलग्न कर आगामी सुनवाई 17 नवंबर से पूर्व अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। निर्धारित समय सीमा में रिपोर्ट प्रस्तुत न करने पर आवश्यक कार्रवाई की संभावना जताई गई है।



### राज्योत्सव में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने लगाया सूचना स्टॉल

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर विकास नगर स्टेडियम, कोण्डागांव में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एक विधिक जानकारी स्टॉल लगाया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीशध्अध्यक्ष श्रीमती किरण चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में लगाए गए इस स्टॉल में नागरिकों को विधिक अधिकारों और निःशुल्क कानूनी सहायता योजनाओं की जानकारी दी गई।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## कनेक्टिविटी, स्वास्थ्य और सुशासन पर विशेष जोर

# मंत्री केदार ने दी करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर

वन एवं जलवायु परिवर्तन, परिवहन, सहकारिता, तथा संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप ने मंगलवार को क्षेत्र की जनता को करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी। मंत्री ने विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया और महत्वपूर्ण घोषणाओं, भूमिपूजन व लोकार्पण के माध्यम से स्थानीय बुनियादी ढांचे और जन सुविधाओं में बड़े सुधार की नींव रखी। उन्होंने करंदोला, गुमगा और नगरी में आयोजित कार्यक्रमों में 7 करोड़ 82 लाख रूपए से अधिक लागत के विकास कार्यों की सौगातें दीं।

ग्राम पंचायत करन्दोला में मंत्री कश्यप ने कुल 4 करोड़ 8 लाख रूपए के कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इस अवसर पर सबसे प्रमुख कार्य करन्दोला चैरा स्कूल से कुम्हली तक 3.50 किमी लम्बी पुल-पुलिया सहित सड़क निर्माण का भूमिपूजन रहा, जो इस क्षेत्र की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगा। इसके अतिरिक्त, शिक्षा और सामाजिक कार्यों को बल देते हुए 21 लाख 59 हजार रुपए की लागत के उच्च प्राथमिक शाला करन्दोला के नवीन भवन और 24 लाख 70 हजार की लागत के महतारी सदन भवन का लोकार्पण भी किया गया।

इसके पश्चात ग्राम पंचायत गुमगा पहुंचे, जहां उन्होंने कुल 2 करोड़ 52 लाख रुपए की लागत के विकास कार्यों की सौगात दी। यहां कुंगारपाल से गुमगा मार्ग पर 2.50 किमी पुल-पुलिया सहित सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। साथ ही 9 लाख 60 हजार रुपए की लागत से 300 मीटर नयापारा चैक से जुलाल घर तक सीसी सड़क निर्माण और जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 12 लाख 40 हजार रुपए की लागत के उचित मूल्य की दुकान का निर्माण भी घोषित किया गया।

कश्यप ने नगरी का दौरा किया और कुल 54.00 लाख रुपए के दो महत्वपूर्ण जनसुविधा केंद्रित कार्यों की घोषणा की। इसमें सबसे महत्वपूर्ण ग्राम पंचायत नगरी में 20 लाख रुपए की लागत से पंचायत भवन निर्माण कार्य सह कॉमन सर्विस सेंटर का निर्माण शामिल है, जो ग्रामीणों को एक ही स्थान पर कई सुविधाएँ देगा। वहीं, स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए ग्राम पंचायत गोलावण्ड़ में 34 लाख रुपए की लागत से उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण स्वीकृत किया गया, जिससे स्थानीय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उनके घर के पास ही मिल सकेंगी। मंत्री श्री कश्यप ने विश्वास व्यक्त किया कि ये विकास कार्य क्षेत्र की तस्वीर बदलेंगे और लोगों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने में सहायक होंगे। लोकार्पण समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, जनपद पंचायत अध्यक्ष संतोष बघेल, जिला पंचायत सदस्य निर्देश दिवान सहित अनेक जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी ग्रामीण उपस्थित थे।



### सड़कें बनेंगी जीवनरेखा

कश्यप ने कहा कि आज करन्दोला और गुमगा में जिन सड़कों का भूमिपूजन हुआ है, वह केवल डामर और गिट्टी का काम नहीं है। ये सड़कें क्षेत्र की जीवनरेखा बनेंगी। करन्दोला चैरा स्कूल से कुम्हली तक की 3.50 किमी लम्बी पुल-पुलिया सहित सड़क हो या कुंगारपाल से गुमगा मार्ग पर 2.50 किमी का निर्माण, ये हमारी बेहतर कनेक्टिविटी के संकल्प को दर्शाते हैं। अब हमारे किसानों को अपनी उपज मंडी तक पहुँचाने में आसानी होगी और हमारे बच्चों के लिए स्कूल तक पहुँचना सुरक्षित होगा। उ.प्र. शाला करन्दोला के नवीन भवन और महतारी सदन का लोकार्पण यह साबित करता है कि हमारी सरकार के लिए शिक्षा और सामाजिक उत्थान सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## चौथे दिन भी जारी रहा कांग्रेस का हस्ताक्षर अभियान

**जगदलपुर।** आज शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में नगर निगम नेता प्रतिपक्ष सहित पार्षदगण, कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकतार्ओं ने प्रतापदेव वार्ड स्थित रिक्त भूमि में मल्टीलेवल पार्किंग बनाए जाने की मांग को लेकर गोलबाजार चौंक से हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की। जनमानस का मल्टी पार्किंग बनाए जाने के पक्ष में समर्थन मिला।

नेता प्रतिपक्ष नगर निगम राजेश चौधरी ने बताया कि आज चौथे दिन जनमानस का भरपूर समर्थन प्राप्त हुआ । तानाशाही रवैया अपनाकर सत्ता की मलाई खाने वाले इस बात को ध्यान से सुने मल्टी पार्किंग प्रतापदेव वार्ड में ही बनाया जाएगा और यह मांग सिर्फ हमारी नहीं अपितु पूरी जनता भी यही चाहती है। कांग्रेस पार्टी उग्र आंदोलन करने बाध्य होगी। इस हस्ताक्षर अभियान के दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी रामशंकर राव, प्रभारी महामंत्री जाहिद हुसैन, उपनेता प्रतिपक्ष कोमल सेना, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, एनएसयूआई अध्यक्ष विशाल खंबारी, पार्षद सूयापार्नी, शुभम यदू, कैलाश नाग,राकेश मोर,आभास महंती,जस्टिन भवानी,निकेतराज झा, असीम सुता, रविशंकर तिवारी,विजेंद्र ठाकुर,एस नीला,ज्योति राव,राजेंद्र पटवा, अभय दुबे,आदर्श दलाई,विश्वनाथ चौधरी, हरिसिंह,शादाब अहमद,अंकित सिंह,मोहसिन खान, सैयद समीर अली,खीरेंद्र यादव मौजूद रहे।



## मनमोहक नृत्य व गीत के माध्यम से छत्तीसगढ़ी संस्कृति की झलक

**दंतेवाड़ा।** दंतेवाड़ा जिले में राज्योत्सव (रजत महोत्सव) के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या में स्कूली बच्चों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। मंच पर एक से बढ़कर एक लोक नृत्य, समूह गीत एवं पारंपरिक प्रस्तुतियों ने समूचे वातावरण को छत्तीसगढ़ी रंग में रंग दिया। कार्यक्रम की शुरुआत माटी मोर महतारी समूह गायन से हुई, जिसने उपस्थित दर्शकों में मातृभूमि के प्रति गर्व और भावनात्मक जुड़ाव का संचार किया। इसके बाद बच्चों ने महुआ झरे, जांवा-जांवा जैसे समूह नृत्यों से ग्रामीण जीवन की झलक और लोक संस्कृति की सजीवता प्रदर्शित की। छत्तीसगढ़ की समृद्ध परंपरा को आगे बढ़ाते हुए हमर छत्तीसगढ़ पर सुआ नृत्य, जोहार-जोहार, लाल पोंगर सेवा जोहार और बस्तर आदिवासी नृत्य जैसी प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं शिव तांडव जैसे एकल नृत्य ने अद्भुत ऊर्जा और नृत्य कौशल का प्रदर्शन किया।

## ओलंपिक खेल कार्यक्रम में पत्रकारों की अनदेखी

**मद्देड़।** भोपालपटनम मद्देड़ ब्लॉक मुख्यालय में आयोजित ब्लॉक स्तरीय ओलंपिक खेलकूद कार्यक्रम में स्थानीय पत्रकारों को निमंत्रण न दिए जाने से पत्रकारों में भारी नाराजगी देखने को मिली। प्रशासन द्वारा सूचना न देने पर मीडिया प्रतिनिधियों ने कहा कि यह न केवल पत्रकारों का अपमान है, बल्कि पारदर्शिता की भावना के भी खिलाफ है। जानकारी के अनुसार, कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ी, अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे मगर स्थानीय पत्रकारों को न तो आमंत्रण दिया गया और न ही कार्यक्रम की पूर्व सूचना। पत्रकारों का कहना है कि जब सरकार और प्रशासन जनता के बीच खेल और युवा उत्सव जैसे आयोजन करती है, तो मीडिया को दूर रखना समझ से परे है। पत्रकार संघ ने प्रशासन से इस पर स्पष्टीकरण की मांग की है और कहा है कि भविष्य में यदि ऐसी अनदेखी दोहराई गई तो वे विरोध स्वरूप सामूहिक रूप से कवरेज का बहिष्कार करेंगे।

## कला जत्था कर रहा योजनाओं का प्रचार

**दंतेवाड़ा।** जनसंपर्क संचालनालय रायपुर के निर्देशानुसार जिले के ग्राम पंचायतों में कला पथक दलों द्वारा अपने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से शासकीय कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। कलापथक दल नृत्य नाटिका प्रहसन के माध्यम से ग्रामीणजनों को योजनाओं जैसे महतारी वंदन, तेंदूपत्ता बोनस, प्रधानमंत्री आवास से लाभ लेने के लिए प्रेरित कर रही है। इस क्रम में सांस्कृतिक कला पथक दल नेगमुदियाल नयनार द्वारा विकासखंड कटेकल्याण, परचेली, चिकपाल में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई।






## खबर संक्षेप

### लघु वनोपज संग्रहण के लिए हुआ प्रशिक्षण



**कांकेर।** आगामी उत्पादित होने वाले लघु वनोपज हर्रा कचरिया एवं बेहरा कचरिया के उचित संग्राहण एवं रख रखाव को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन लाख विस्तार एवं प्रशिक्षण केन्द्र माकड़ी में रखा गया था। शिविर में उपस्थित प्रशिक्षार्थियों को उत्तम किस्म के हर्रा कचरिया एवं बेहरा कचरिया के उत्पादनए संग्राहण एवं रख रखाव संबंधी तकनीकी जानकारी दिया गया। प्रशिक्षार्थियों से जिला वनोपज सहकारी संघ के अध्यक्ष नितिन पोटाई ने कहा कि यहा पाए जाने वाले वनोपज हमारे जीविका के आधार है।

### आर्थिक सुदृढ़ीकरण एवं क्षमता विकास के लिए प्रशिक्षण शिविर

**कांकेर।** कृषि के क्षेत्र में कार्य कर रहे सेवा सहकारी समितियों के आर्थिक सुदृढ़ीकरण एवं क्षमता विकास के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिवर का आयोजन 6 नवंबर को दोपहर 1 बजे से कार्यालय जिला सहकारी संघ पोटाई प्लाजा मेन रोड कांकेर में किया गया है। जिला सहकारी संघ के अध्यक्ष सियो पोटाई ने बताया कि शिविर के माध्यम से देश के सारे साख सहकारी समितियों को बहुउद्देशीय बनाने के लाभ, सभी पैक्स समितियों के सशक्तिकरण के लिए उन्हें कम्प्युटरीकृत कर नाबार्ड से लिंक करना।

## निधन

### जगदीश राम साहू

**बनसागर।** विकासखंड नरहरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बनसागर



निवासी 75 वर्षीय जगदीश राम साहू का आकस्मिक निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार बनसागर में किया गया। वे बलदेव साहू, वेद कुमार साहू तथा अश्वनी साहू के पिता थे। अंतिम संस्कार कार्यक्रम ग्रामीण व रिस्तेदार उपस्थित रहें।

# खंड शिक्षा अधिकारी ने किया औचक निरीक्षण, जारी होगा कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

विकासखंड के खंड शिक्षा अधिकारी सोमवार को दोपहर लगभग पौने 4 बजे शासकीय प्राथमिक शाला गुमड़ीडीह का आकस्मिक निरीक्षण किया। विद्यालय गांव के युवा के भरोसे और शिक्षक बिना जानकारी के गायब थे।

कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश देते हुए कहा कि शिक्षकों को बिना पूर्व सूचना अनुपस्थित न रहने, शिक्षकविहीन होने पर तत्काल संकुल समन्वयक या प्राचार्य के माध्यम से सूचित करने तथा जिम्मेदार शिक्षक को दायित्व सौंपने के बाद ही विद्यालय छोड़ने निर्देश दिया। बीईओ विप्लव कुमार डे ने निरीक्षण के दौरान शाला का संचालन ग्रामीण शिक्षित युवक भागीराम सिन्हा द्वारा स्वप्रेरणा से किया जा रहा था, जो पूर्व में अतिथि शिक्षक के रूप में कार्य कर चुके हैं और सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों को अध्यापन प्रदान कर रहे थे। उन्होने बताया कि प्रधान पाठक राकेश कुमार ठाकुर पिछले दो माह से चिकित्सीय अवकाश पर हैं तथा सहायक शिक्षक सोमसाय कोमरा बीएलओ कार्य से सुबह शाला आकर चले गए।

सूचना पंजी में कोई प्रविष्टि नहीं थी और समन्वयक से फोन पर पूछताछ करने पर उन्हें स्थिति की जानकारी नहीं होने की बात कही। ग्राम के एक निवासी ने ऐसी लापरवाही की पुनरावृत्ति होने की जानकारी दी तथा अधिकारी ने सामने स्थित बीएसएफ कैंप में जाकर भी चर्चा की।

## विद्यालय गांव के युवक के भरोसे, शिक्षक नहीं हैं गंभीर

### खंड शिक्षा अधिकारी ने जताई नराजगी



खंड शिक्षा अधिकारी ने शाला संचालन की दोनों स्थितियों पर गहरी नाराजगी व्यक्त की तथा जांच पूरी होने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने और दोष सिद्ध होने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के स्पष्ट निर्देश दिए। शाला में 54 नामांकित विद्यार्थियों में से 48 उपस्थित थे। अधिकारी ने स्वयं विद्यार्थियों से संवाद कर शैक्षणिक प्रगति का आंकलन किया, अध्यापन गुणवत्ता सुधार के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने भागीराम सिन्हा की बिना वेतन-पारिश्रमिक के समर्पित सेवा की सराहना किया।

### बीईओ ने दिए सख्त निर्देश

बीईओ ने सभी शिक्षकों को बिना पूर्व सूचना अनुपस्थित न रहने, शिक्षकविहीन होने पर तत्काल संकुल समन्वयक या प्राचार्य के माध्यम से सूचित करने तथा जिम्मेदार शिक्षक को दायित्व सौंपने के निर्देश दिए। निरीक्षण में शाला भवन, स्वच्छता, मध्याह्न भोजन तथा दैनिक शैक्षणिक गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया गया। शाला प्रबंधन को भवन रंगरोगन समयबद्ध पूरा करने, पाठ्यक्रम क्रमबद्ध अध्यापन सुनिश्चित करने, मध्याह्न भोजन गुणवत्ता पर निगरानी रखने, दैनंदिनी नियमित संधारण व प्रधान पाठक द्वारा सत्यापन करने तथा प्रार्थना सभा में समूह गान, प्रश्नोत्तर सत्र व वाचन गतिविधियां अनिवार्य रूप से आयोजित करने के निर्देश दिए गए।

## समस्या : ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से बीमा व मुआवजा दिलाने उठाई मांग

# बीमारी व बेमौसम बारिश के चलते किसानों की फसल बर्बाद, मेहनत पर फिरा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल



विकासखंड दुर्गूकोदल अंतर्गत ग्राम कर्रामाड़ में इस वर्ष धान फसल पर बीमारी और बेमौसम बारिश के लगातार प्रभाव से किसानों की मेहनत पानी में बह गई। खेतों में लगी धान की फसल अब कटाई योग्य अवस्था में थी, लेकिन अचानक आई बारिश और फसल में कीट-बीमारी फैलने से फसल का बड़ा भाग नष्ट हो गया है। इससे क्षेत्र के किसानों में भारी निराशा और आर्थिक संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

कर्रामाड़ के किसान कनक सोम, छबीला रावटे, सुंदरलाल चुरेंद्र, योगेश चिराम, अश्वनी सोम, कृष्ण सोम, केशो, परदेसी दुग्गा, जेठू सोम, गोदावरी सोम, जैन पिद्दा, पदुम सोम, अनीत मरकाम, चम्मूलाल पोया, सुभाष सोम, संतालाल मरकाम, भीमसेन, मंशा मरकाम, चंदूराम ध्रुव, दिलीप, रोहित मरकाम, फूलसिंह, प्रेमबाई सहित अनेक किसानों ने बताया कि उन्होंने धान लगाने में बीज, खाद, दवाई, मजदूरी, सिंचाई और समय का बड़ा निवेश किया था, परंतु प्रकृति और बीमारी के प्रहार ने सारी लागत डुबो दी। किसानों का कहना है कि इस वर्ष फसल से घर-परिवार सहित आगामी बोनी के लिए भी आय की आशा थी, लेकिन अब स्थिति उलट गई है। कई किसानों के पास अगली फसल के लिए पूंजी जुटाने का भी साधन नहीं बचा है। ग्रामीणों ने बताया कि खेतों में फसल की क्षति का वास्तविक आकलन करने के लिए राजस्व विभाग और कृषि विभाग द्वारा त्वरित क्षति सर्वे कराया जाना आवश्यक है।

### किसानों की मांग, जल्द दिया जाएगा मुआवजा

किसानों ने मांग किया है कि फसल बीमा कंपनी तथा प्रशासन द्वारा जल्द से जल्द सर्वे कर बीमा राशि और मुआवजा प्रदान किया जाए, ताकि किसानों को राहत मिल सके और अगली फसल की तैयारी प्रभावित न हो। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय पर उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो किसान आंदोलन की स्थिति बन सकती है, क्योंकि यह नुकसान केवल व्यक्तिगत नहीं बल्कि ग्राम स्तर पर व्यापक आर्थिक संकट की ओर संकेत है।



### नेवारी की मनोबाई भी है परेशान

ग्राम पंचायत सुखई के आश्रित ग्राम नेवारी की किसान मनो बाई उइके पति शत्रू राम ने बताया कि लगभग 16 एकड़ भूमि में तैयार धान फसल पूरी तरह नष्ट हो चुकी है। पाँच से छह महीनों की लगातार मेहनत के बाद धान की फसल तैयार हुई थी, परंतु असमय और निरंतर वर्षा ने खेतों में पानी भर जाने से फसल को भारी नुकसान पहुँचाया। मनो बाई उइके सहित गाँव के कई किसानों का कहना है कि उन्होंने धान फसल का फसल बीमा भी कराया था, लेकिन जब बीमा कंपनी के टोल-फ्री नंबर पर संपर्क किया गया तो कंपनी प्रतिनिधियों ने 20 से 25 दिन बाद जांच होने की बात कही। किसानों का कहना है कि अगर निरीक्षण में इतनी देरी की गई तो तब तक खेतों से फसल उठ जाएगी और नुकसान का वास्तविक मूल्यांकन नहीं हो पाएगा, जिससे मुआवजा कम मिलने की आशंका है।

## पीएम आवास योजना में बड़ा फर्जीवाड़ा रोजगार सहायक पर गबन का आरोप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

ग्राम पंचायत श्रीपुर के आश्रित ग्राम इंद्रपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि में फर्जीवाड़ा का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने पंचायत के रोजगार सहायक जीवन हालदार पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया है कि उन्होंने फर्जी तरीके से हितग्राहियों के खातों से आवास योजना की किस्त की राशि निकाल ली है। शिकायत के अनुसार ग्रामीण अचिंत मृधा के खाते में प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रथम किस्त के रूप में 40 हजार रूपएं जमा हुए थे। आरोप है कि रोजगार सहायक जीवन हालदार ने अचिंत मृधा के मोबाइल का उपयोग कर, उनके खाते से यह राशि अपने पास ले ली और फिर 10-10 हजार की चार किस्तों में अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कर दी। जब अचिंत मृधा को अपने खाते से राशि निकलने की भनक लगी, तो उन्होंने बैंक स्टेटमेंट निकाला, जिससे इस संपूर्ण फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ।

यही नहीं एक अन्य ग्रामीण के खाते से भी 28 हजार रुपए के फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है, जिससे गांव में हड़कंप मच गया है। हितग्राहियों और ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने अब तक औपचारिक शिकायत इसलिए दर्ज नहीं कराई है, क्योंकि रोजगार सहायक जीवन हालदार एक रसूखदार व्यक्ति के पुत्र हैं और उन्हें यह डर है कि विभाग उन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं करेगा। पीड़ितों ने मीडिया के माध्यम से इस घटना को उजागर करते हुए प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं शासन-प्रशासन के प्रति उनके भरोसे को तोड़ती हैं। सभी हितग्राहियों ने उच्चाधिकारियों से गुहार लगाई है कि ऐसे भ्रष्ट कर्मचारी पर जल्द से जल्द और सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि ग्रामीणों का सरकारी योजनाओं और प्रशासन के प्रति भरोसा कायम रह सके। यह आवश्यक है कि विभाग मामले की उच्च-स्तरीय जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कानूनी कदम उठाए।

# जैविक खेती को बढ़ावा देने पर जोर कृषि विभाग की संयुक्त बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

कृषि विभाग दुर्गुकोंदल द्वारा जनपद पंचायत सभागार में ब्लॉक स्तरीय संयुक्त समीक्षा बैठक का आयोजन

- चल रही योजनाओं की समीक्षा की



4 नवंबर को किया गया। बैठक में मुख्य रूप से क्षेत्र में चल रहे कृषि, उद्यानिकी एवं पशुपालन से संबंधित शासकीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।किसानों को इन्हें अधिक से अधिक अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

बैठक में सबसे पहले कृषि अधिकारियों ने ब्लॉक में संचालित जैविक खेती योजनाओं, खेत प्रदर्शन कार्यक्रमों तथा किसानों द्वारा अपनाई जाने वाली नवीन तकनीकों की जानकारी प्रस्तुत की। इस दौरान जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रशिक्षण, बीज, खाद, तकनीकी मार्गदर्शन एवं विपणन सहायता उपलब्ध कराने पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि रासायनिक खेती की तुलना में जैविक खेती न केवल मिट्टी की उर्वरा क्षमता बढ़ाती है, बल्कि उत्पादन लागत भी कम करती है, जिससे किसान को सीधा आर्थिक लाभ प्राप्त होता है। सौर सुजला योजना पर भी विशेष चर्चा की गई।

यह योजना किसानों को सिंचाई के लिए सौर ऊर्जा आधारित पंप उपलब्ध कराती है, जिससे बिजली या डीजल खर्च से मुक्ति मिलती है। बैठक में बताया गया कि सौर सूजला योजना का विस्तार करने से किसान सालभर सिंचाई कर सकेंगे और उत्पादन में वृद्धि होगी। किसान समृद्धि आत्मा योजना एवं उद्यानिकी विकास से संबंधित योजनाओं में फलदार पौधों, सब्जी उत्पादन तकनीक, ड्रिप सिंचाई जैसी उन्नत विधियों के लाभों पर भी विस्तृत चर्चा हुई।

### पशुपालन ग्रामीण अर्थ व्यवस्था का मुख्य साधन

पशुपालन के क्षेत्र में दुग्ध उत्पादन, गोपालन, बकरा पालन और मुर्गी पालन को ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत करने का मुख्य साधन माना गया। इस दिशा में किसानों को प्रशिक्षण एवं अनुदान आधारित सहायता उपलब्ध करवाने की बात कही गई। इस कार्यक्रम में कृषि सभापति सुलोचना कोरेटी, कृषि समिति सदस्य हेमलता उईके, निर्मला कोवाची, रासालू गावड़े, रजमन कोवाची, सोमदेव कोरिटी, कृषि अधिकारी भेनूराम मरकाम, निरंजन नरेटी सहित ब्लॉक के सभी ग्रामसेवक एवं आरईओ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन मनोहर चंद्रवंशी द्वारा किया गया।

# आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का पांचवा और छठा जत्था रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



- राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक जुड़ाव की दिशा में बड़ा प्रयास

सीमा सुरक्षा बल द्वारा आयोजित 17 वाँ आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत कांकेर और नारायणपुर जिले से चयनित आदिवासी युवक-युवतियों का पाँचवा एवं छठा जत्था जगदलपुर रेलवे स्टेशन से भुवनेश्वर तथा दुर्ग रेलवे स्टेशन से केरल के लिए रवाना हुआ। इन दोनों जत्थों में कुल 50 प्रतिभागी, जिसमें 25 पुरुष एवं 25 महिलाएं शामिल हैं, कार्यक्रम में भाग लेने के लिए चयनित किए गए हैं। यह भारतीय जनजातीय क्षेत्रों के युवाओं को सांस्कृतिक आदान-प्रदान, राष्ट्रीय एकता और जागरूकता से जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जिसके माध्यम से नक्सल प्रभावित एवं दुर्गम इलाकों के युवा देश के अन्य हिस्सों की संस्कृति, भाषा, खान-पान, स्वभाव, विकास और जीवन शैली को समझ सकेंगे। प्रतिभागियों को उड़िसा के भुवनेश्वर और केरल के कोझिकोड में भारत के विभिन्न राज्यों से आए अन्य आदिवासी युवाओं के साथ मेल-जोल का अवसर मिलेगा, जिससे सामुदायिक सद्भाव, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और राष्ट्रीय पहचान की भावना मजबूत होगी। इस दौरान स्थानीय लोककला, नृत्य, संगीत, वस्त्र परंपराएँ एवं पारंपरिक भोजन की झलक भी साझा की जाएगी। साथ ही प्रतिभागियों को भुवनेश्वर और कोझिकोड के इतिहास, कला, संस्कृति एवं पर्यटन महत्व वाले स्थलों का भ्रमण भी कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त वे स्थानीय सुरक्षा बल शिविरों और औद्योगिक प्रतिष्ठानों को भी देखेंगे, जिससे उन्हें प्रशासनिक ढांचे, सुरक्षा व्यवस्था और विकास कार्यों की समझ विकसित होगी। यह कार्यक्रम युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार तथा गृह मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। सीमावर्ती और नक्सल प्रभावित जिलों में तैनात बीएसएफ का इसमें मुख्य संचालनात्मक योगदान है। इस वर्ष कांकेर एवं नारायणपुर जिले से 18 से 22 वर्ष आयु वर्ग के कुल 650 युवाओं को चयनित कर कुल 25 भ्रमण कार्यक्रम तय किए गए हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय एकता की भावना, सकारात्मक नेतृत्व, समाज में रचनात्मक भूमिका, एवं भविष्य निर्माण के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है।

# आश्रम-छात्रावास के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी भुखमरी की कगार पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



- 9 माह से नहीं मिला वेतन

आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित भानुप्रतापपुर ब्लॉक के आश्रम और छात्रावासों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की स्थिति अत्यंत दयनीय बनी हुई है। छत्तीसगढ़ लघु वेतन कर्मचारी संघ के विभागीय सचिव राजकुमार नेताम ने बताया कि इन कर्मचारियों को पिछले 9 माह से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। वेतन न मिलने के कारण कर्मचारियों के सामने परिवार चलाने का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। राजकुमार नेताम ने बताया कि स्थिति इतनी बिगड़ चुकी है कि दुकानदारों ने भी राशन-सामग्री देना बंद कर दिया है। दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के घरों में भुखमरी जैसी स्थिति पैदा हो गई है और उन्हें भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। आश्रम-छात्रावास में कार्यरत कर्मचारियों को 9 माह का रुका वेतन तुरंत देने की मांग किया जा रहा है। एक महीने वेतन नहीं मिलने से हाहाकार मच जाती है और दैनिक वेतन भोगियों को 9 माह से वेतन नहीं मिला है यह सोचने वाली बात है, वे कैसे काम करते होंगे, उनके बच्चे क्या खाते होंगे और उनकी पढ़ाई में कितनी दिक्कतें आ रही होंगी। लापरवाही बरतने वाले और बजट के अभाव का झूठा हवाला देने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई हो। भविष्य में ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए वेतन के नियमित भुगतान के लिए एक स्थायी तंत्र स्थापित किया जाए। यह मामला आदिम जाति कल्याण विभाग की अमानवीय कार्यप्रणाली पर एक बड़ा सवाल खड़ा करता है, जहां एक ओर सरकार जन कल्याण की बात करती है, वहीं दूसरी ओर गरीबों की सेवा करने वाले कर्मचारियों को भुखमरी की कगार पर धकेल दिया जाता है। वेतन भुगतान में हो रही इस घोर लापरवाही को लेकर जब कर्मचारियों ने सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग से संपर्क किया, तो उन्हें बजट नहीं होने का हवाला दिया गया। वेतन न मिलने के बावजूद, विभाग के किसी भी अधिकारी, अधीक्षक या अधीक्षिका ने इन कर्मचारियों की सुध नहीं ली है। यह दर्शाता है कि विभाग को अपने कर्मचारियों के प्रति कितनी संवेदनहीनता है। संघ के सचिव ने विभाग को चेतावनी देते हुए तत्काल वेतन भुगतान की मांग की है। कहा कि अगर जल्द ही कर्मचारियों का रुका हुआ वेतन जारी नहीं किया गया, तो संघ सभी जिले के कर्मचारियों की बैठक बुलाकर आर-पार की लड़ाई लड़ने के लिए बाध्य होगा।

### राज्यपाल ने ली वीडियो कॉन्फ्रेसिंग से बैठक

**जगदलपुर।** राज्यपाल रेमन डेका के द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से राज्य के आकांक्षी जिलों और विकासखंडों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन तथा बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की जानकारी अधिकारियों से प्राप्त की। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता, जल जीवन मिशन, रोजगार एवं बुनियादी ढांचे से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# बिना दस्तावेज के जंगल की लकड़ी का हो रहा परिवहन

**पखांजुर।** वन मंडल पश्चिम भानुप्रतापपुर के अंतर्गत बांदे परिक्षेत्र के ग्राम कटगांव तहसील में कोयलीबेड़ा रेंज के बॉर्डर से लगे आरएफ एरिया से अवैध रूप से काटे गए सेमर के लगभग 20 लकड़ी गोला, जेसीबी मशीन और अवैध परिवहन में संलिप्त ट्रक क्रमांक सीजी 17 केके 2221 को रंगेहाथों पकड़ कर वन रक्षक के द्वारा पंचनामा बना कर बिना जब्त किए छोड़ दिया गया। विभाग एवं ग्रामीणों से मिली जानकारी अनुसार क्षेत्र में लंबे समय से हरे-भरे आम, सेमर पेड़ों को अवैध तरीके से काटकर उनके बिना दस्तावेजी कार्रवाई के परिवहन किए जा रहा है। ग्रामीण अंचल में कोचियों के द्वारा खेतों के नाम से कीमती पेड़ों की लकड़ियों को जंगल से कटाई जोरों से चल रही है। कमीशन कोचिए किसानों से भी सस्ते दामों में लकड़ी लेकर अन्य राज्य में बेचकर ऊंचे दाम कमा रहे हैं। क्षेत्र में लकड़ी तस्कर सक्रिय हो गए हैं। किसानों से संपर्क कर उनके खेतों से लगी जंगल से चोरिछुपे कीमती लकड़ी को काट कर सस्ते दाम देकर उनके नाम से बिना दस्तावेज से ट्रको में लाद कर ज्याद कीमतों में बेचकर विभाग को राजस्व का चूना लगा रहे हैं। इन दिनों ज्यादातर ग्रामीण इलाकों में बिना परमिशन वृक्षों की कटाई और कीमती इमारती लकड़ी का अवैध व्यापार खूब जोरों पर है। जहां इस कार्य में संबंधित वन विभागीय अफसर भी लाचार नजर आ रहे हैं।मौके पर उपस्थित वन रक्षक रघु सेन ने कहा कि वन क्षेत्र के दो बड़े बड़े पेड़ है, जिन्हें पखांजुर सत्यानंदपल्ली निवासी दिनेश के द्वारा अवैध रूप से काटा गया है। जिसका पंचनामा बनाकर डिप्टी को कार्यवाही के लिए दिया गया है। इस संबंध पर कटगांव क्षेत्र के डिप्टी रेंजर अरबिंद वाडल्ले ने बताया कि जंगल से एक पेड़ काटा गया, बाकी पेड़ राजस्व क्षेत्र का था। वन रक्षक ने गाड़ी को जप्त नही किया, व्यक्ति के नाम पर कार्रवाई की है।






रिजर्वेशन कोच
10 दिसंबर 2025, 07 जनवरी, 11 फरवरी, 18 मार्च, 08 अप्रैल, 13 मई 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411



By Train-रिजर्वेशन कोच
26 दिसंबर 2025 11 दिन की यात्रा
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)